तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

11 रेडक्रॉस के रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह



12 खेलों और सशक्तिकरण के संदेश से गूंजा सेड़वा परिसर



INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद- ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

# फूलों की खुशबू और भक्ति के रंग से सराबोर हुआ राम मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर के राम मंदिर परिसर में रविवार को मातृ शक्तियों द्वारा श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के समक्ष भक्ति भाव से पुष्पों की होली खेली और भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

मंदिर परिसर में आयोजित इस विशेष आयोजन में महिलाओं ने रंग-बिरंगे फूलों से एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा करते हुए होली के पर्व की आनंदमयी परंपरा को जीवंत किया। भगवान श्रीराम के जयकारों और होली के पारंपरिक भजनों की मधुर धुनों से मंदिर परिसर देर तक गूंजता रहा। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा देखने को मिली।

**मातृ शक्ति ने पुष्पों से खेली होली, भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर**



### बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का पर्व: नीलम

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। समाज में प्रेम,सद्भाव और एकता का संदेश देता है तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में फूलों की सुगंध और भक्तिभाव का सुंदर समागम दिखाई दिया। मातृ शक्तियों ने एक-दूसरे पर पुष्प बरसाकर प्रेम,सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया, जिससे आयोजन का समापन धार्मिक और उत्सवपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम में अंजली मिश्रा,पुष्पा तिवारी,पुष्पा शर्मा,बुला चक्रवर्ती, किरण साठे,रश्मि द्विवेदी,नीलिमा पाठक,अर्चना पांडे,प्रज्ञा आचार्य, जेबिता मंडावी,अनु शर्मा, चंदना शर्मा, गुनमनी नागे,मंजू नागे,रतनी मौर्य,पूनम त्रिपाठी,किरण साह, चारु चौहान,सोनम जोबनपुत्र, सुशीला साव,शिल्पा दवे,गीता पांडे,स्मृति दुबे,कायर शर्मा,हिमांशी द्विवेदी,पल्लव द्विवेदी, वशिष्ठ तिवारी, दिव्यांशु त्रिपाठी सहित राम मंदिर के पुजारी पंडित कृष्ण कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### जगदलपुर-ठाकुर नगर के बीच स्पेशल ट्रेन 15 मार्च को की जाएगी रवाना

**जगदलपुर।** यात्रियों की भीड़ को कम करने और बस्तर इलाके के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए इंडियन रेलवे जगदलपुर-ठाकुर नगर के बीच स्पेशल ट्रेन चला रहा है। ट्रेन नंबर 08563 जगदलपुर-ठाकुर नगर स्पेशल ट्रेन 15 मार्च को जगदलपुर से 8 बजे निकलेगी जो 8.55 बजे जयपुर पहुंचेगी और 9 बजे निकलेगी। कोरापुट 10 बजे पहुंचेगी और 10.25 बजे निकलेगी, रायगढ़ 13.45 बजे पहुंचेगी और 14.10 बजे निकलेगी, जो अगले दिन 16 मार्च को 10.45 बजे ठाकुर नगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 08564 ठाकुर नगर- जगदलपुर स्पेशल ट्रेन 18 मार्च को 18 बजे ठाकुर नगर से निकलेगी जो अगले दिन 14.40 बजे रायगड़ा पहुंचेगी और 15.05 बजे निकलेगी। कोरापुट 19.25 बजे पहुंचेगी और 19.50 बजे निकलेगी, जयपुर 20.55 बजे पहुंचेगी और 21 बजे निकलेगी और 19 मार्च को 22.45 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर के पवन कुमार ने बताया कि रास्ते में ये ट्रेनें जयपुर, कोरापुट, रायगड़ा, सिंगापुर रोड, मुनिगुडा, केसिंगा, टिटलागढ़, बलांगीर, बरगढ़ रोड, संबलपुर, झारसुगुडा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटा नगर, आसनबोनी, खड़गपुर, अंदुल और भट नगर में रुकेंगी।

### मंदिर पहुंच सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने किए देवी दर्शन



**जगदलपुर।** नवनियुक्त सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश सहयोजक रंजीत पांडे, जिला संयोजक मनोहर दत्त तिवारी, सहसयोजक संतोष नाग, तुलसी देवांगन एवं मंडल अध्यक्ष पश्चिम प्रकाश झा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, हरि राम मंडावी, नरसिंग राव, संजय चंद्राकर, नरेंद्र पाणिग्रही, राजा यादव, दिगम्बर राव, विक्रम यादव, शंकर राव, योगेश ठाकुर, मुरली सेठिया, अजय बैरागी, सूरज, गिरजा गुप्ता, शैलेश श्रीवास्तव, पिंटू साव उपस्थित रहे।

**महाराष्ट्र, तेलंगाना और बीजापुर के लोग शामिल**

# पशु तस्करों के कब्जे से 171 मवेशी बरामद, 9 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपट्नम/ बीजापुर

बीजापुर जिले के थाना भोपालपटनम क्षेत्रान्तर्गत मुखबिर की सूचना पर मवेशी तस्करों पर कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक उल्लूर घाटी चिल्लामरका के जंगल रास्ते से होते हुए पशुओं को हांक कर तेलंगाना की ओर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मवेशी तस्करों को पकड़कर पूछताछ की है। पकड़े गये गौ वंश तस्करों में तेलंगाना के 3, महाराष्ट्र के 5 और बीजापुर के 1 शामिल हैं। जिनमें थिपनपल्ली संजीव 48 वर्ष निवासी नरसिंगपुर गांदीकामारम करीमनगर बोरला गुण्डेम तेलंगाना, हटकर राजू 52 वर्ष निवासी बोरलागुडेम करीमनगर तेलंगाना, कटकुरी मजनू 23 वर्ष निवासी कारिनदेव पेटा थाना मुलगु जिला मुलगु तेलंगाना, विनोद नारायण झाडे 35 वर्ष निवासी येचली पोस्ट मन्नेराजाराम येचली एस मानणे राजाराम गढ़चिरोली मानणे महाराष्ट्र, व्येक्टी गोडया दुर्गे 62 वर्ष निवासी येचली पोस्ट मन्नेराजाराम येचली एस मानणे राजाराम गढ़चिरोली मानणे महाराष्ट्र, व्येकंटी राजीग्या दुर्गे 47 वर्ष निवासी येचली पोस्ट मन्नेराजाराम येचली एस मानणे राजाराम गढ़चिरोली मानणे महाराष्ट्र , प्रवीण शंकर दुर्गे 19 वर्ष निवासी येचली पोस्ट मन्नेराजाराम येचली एस मानणे राजाराम गढ़चिरोली मानणे महाराष्ट्र, अक्षय अजमेरा 24 वर्ष निवासी येचली पोस्ट मन्नेराजाराम येचली एस मानणे राजाराम गढ़चिरोली मानणे महाराष्ट्र , अशोक गुगलेम 30 वर्ष निवासी सकनापल्ली थाना मोदकपाल जिला बीजापुर शामिल है।

**खास बातें**
- तेलंगाना ले जाने के दौरान दबोचे गए
- पशु क्रुरता अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई



### गाय, बैलों के साथ बछड़े भी शामिल

पूछताछ के दौरान आरोपियों के पास पशु स्वामित्व एवं परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। मौके पर गवाहों की उपस्थिति में 171 गाय, बैल, बछड़े बरामद किए गए। मुक्त कराये गये गौ वंश पशुओं को सुरक्षार्थ नगर पंचायत भोपालपटनम के गौठान में रखा गया है।

### विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में रिमाण्ड पर प्रस्तुत किया गया है।

# पेयजल पाइपलाइन में लीकेज वार्ड में बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय वार्ड में पेयजल पाइपलाइन लीकेज और क्षतिग्रस्त वाल्व की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद द्वारा नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। वार्ड में लंबे समय से बनी इस समस्या के कारण स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

- पार्षद ने निगम प्रशासन को लिखा पत्र

बताया गया है कि वार्ड के विभिन्न स्थानों पर पिछले लगभग तीन माह से पाइपलाइन लीकेज की समस्या बनी हुई है। इसके साथ ही कई स्थानों पर जल आपूर्ति के वाल्व क्षतिग्रस्त होकर खुले पड़े हुए हैं। इससे आसपास गंदगी फैल रही है और आवारा पशुओं के कारण स्थिति और खराब हो रही है। ऐसे में दूषित पानी पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है,जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। इस संबंध में पूर्व में भी नगर निगम प्रशासन को पत्र और फोन के माध्यम से कई बार जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। वार्डवासियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

पार्षद ने निगम प्रशासन से मांग की है कि मदन मोहन मालवीय वार्ड क्रमांक 44 में पाइपलाइन लीकेज और क्षतिग्रस्त वाल्व की समस्या का शीघ्र निराकरण ▶▶| शेष पेज 10 पर

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट पुलिस ने सार्वजनिक स्थान में धारदार चाकू लहराकर आम लोगो को डराने धमकाने व गुण्डागर्दी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

- दो अलग मामले में गुण्डागर्दी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

सार्वजनिक स्थान में धारदार चाकू लहराते हुए आम लोगों को डराने धमकाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा दो अलग मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहले मामले में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया की आनंद नाग, रितेश विश्वकर्मा एवं अब्बू उर्फ छबिलाल के द्वारा प्रार्थी को शराब पीने के लिए 7 हजार रुपए मांग किया गया। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से मना करने पर उक्त तीनो आरोपी के द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलोच कर धारदार हथियार चाकू से हमला कर चोट पहुंचाया है। माले में टीम द्वारा उक्त सभी आरोपियों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### इनकी रही अहम भूमिका

गुण्डागर्दी करने वाले आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक मयाराम, अहिलेश नाग, आरक्षक भैरव सिन्हा, मनोज बघेल, परमानन्द भोयर तथा होरी लाल आर्मो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### कलचा हत्याकांड के गिरफ्तार आरोपियों को भेजा गया जेल

**जगदलपुर।** नगरनार थाना क्षेत्र के कलचा मेलास्थल में नाबालिग समेत चार लोगों ने दो युवकों की भरे मेले में हत्या कर दी थी। मामले में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मेले में मौजूद अपने ही साथियों को रंग लाने जा रहे युवकों की हत्या इसलिए कर दी गई थी क्योंकि आरोपियों को यह संदेह था कि वे उनकी जान पहचान की युवतियों को रंग लगाने जा रहे थे। लेकिन मृतक युवतियों के पास खड़े अपने साथियों को रंग लगाने जा रहे थे। इसी गलतफहमी के चलते दो युवकों की सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में हत्या कर दी गई, लेकिन किसी ने उन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया। नगरनार ▶▶| शेष पेज 10 पर

- गमगीन माहौल में दोनों युवकों का किया गया अंतिम संस्कार

### मार्च में ही सताने लगी गर्मी, कूलर- एसी लगाने की तैयारी

**जगदलपुर।** घने जंगल और नदी नालों के कारण भीषण गर्मी के मौसम में भी बस्तर में हिल स्टेशन जैसा सुकून महसूस होता था। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय बस्तर में रहने वालों के परिजन गर्मी छुट्टी में यहां आकर राहत पाते थे। लेकिन अब मई, जून के समय की गर्मी का एहसास मार्च में ही होने लगा है। दिन के समय झुलसाने वाली गर्मी के चलते खस और बांस से कमरे को ठंडक पहुंचाने वाले सामान की दुकानें सजने लगी है। महिला, पुरूष बांस और अन्य सामान के उपयोग से कूलर में लगने वाले तथा खिड़की दरवाजे के लिए देशी सामान बनाने में जुट गए है। कलेक्टोरेट के समीप और शहर के अन्य कई इलाकों में सड़क पर इस तरह की दुकानें सज गई है।






**खबर संक्षेप**

### कोंडागांव में कल होगा "उद्योग–बैंकर संवाद" कार्यशाला का आयोजन

**कोण्डागांव।** उद्योग–बैंकर संवाद योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एमएसएमई इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व–सहायता समूहों तथा कारीगरों को बैंक ऋण और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उद्योग–बैंकर संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 मार्च को किया जाएगा। यह कार्यशाला कार्यालय कलेक्टर कोण्डागांव के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी, जिसमें उद्यमियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यशाला में विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण योजनाओं की जानकारी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित योजनाओं का मार्गदर्शन, क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं की जानकारी तथा उद्यमियों को आने वाली वित्तीय समस्याओं के समाधान पर चर्चा की जाएगी। साथ ही महिला उद्यमियों और स्व–सहायता समूहों के लिए विशेष मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

### रोलिंग पेपर, स्मोकिंग कोन की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत जिले में नशीले पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन और पर्फेक्ट रोल के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से यह तथ्य सामने आया है कि शहर में नाबालिगों और युवाओं में चरस, गांजा जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के लिए रोलिंग पेपर और स्मोकिंग कोन का चलन बढ़ रहा है। ये सामग्री पान दुकानों, किराना दुकानों, चाय दुकानों, कैफे और रेस्टोरेंट में आसानी से उपलब्ध हो रही है। प्रशासन के अनुसार इन सामग्रियों की उपलब्धता से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति और आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि की आशंका है। इसे देखते हुए जिले में पान दुकान, परचूनध्किराना दुकान, चाय दुकान, कैफे और रेस्टोरेंट जैसे स्थानों पर इनके विक्रय को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और 1 जून 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

### कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**जगदलपुर।** कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठजन, महिला कांग्रेस की पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वन मंत्री ने बेतबेड़ा में 83.50 लाख के 14 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव विकासखंड के ग्राम बेतबेड़ा में 83 लाख 50 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 14 विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है, जिससे गांवों के विकास को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम में मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में प्राचीनकाल से ही महिलाओं को सम्मान देने की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश की महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मंत्री ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए विकसित भारत जीरामजी योजना शुरू की गई है। इसके तहत गांवों में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार, 15 दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान और बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। वन मंत्री ने कहा कि आज देश–विदेश में पारंपरिक अनाज और वनोपज की मांग तेजी से बढ़ रही है। इससे किसानों और ग्रामीणों को बेहतर आर्थिक अवसर मिल रहे हैं, इसलिए प्राकृतिक और पारंपरिक खेती को बढ़ावा देना जरूरी है।

**पारंपरिक अनाज और वनोपज की मांग बढ़ने से मिलेंगे बेहतर आर्थिक अवसर**

#### इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

विभिन्न ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक मंच, सामुदायिक भवन और पुलिया निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इनमें ग्राम पंचायत मुंगवाल, चमई, मड़ागांव, बेतबेड़ा, बोरगांव, बोटीकनेरा, मड़ानार, हथकली, तुमड़ीवाल, कुधूर, मटवाल, बड़े कुरूषनार, मूलनार और नवागांव में कुल 14 निर्माण कार्य शामिल हैं।



#### इन्होंने ने भी किया संबोधित

कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने निरीक्षण कर तकनीकी पहलुओं व सुरक्षा की ली जानकारी

# केशकाल बायपास निर्माण में तेजी लाएं, समयसीमा पर पूरा करें काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को प्रस्तावित केशकाल बायपास मार्ग का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मार्ग के विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निर्माण कार्य के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं को लेकर राजस्व विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की।

■ विभागों के समन्वय से जल्द दूर करें समस्याएं

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं का शीघ्र निराकरण करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार, राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता प्रज्ञानंद तथा वन विभाग की एसडीओ सुषमा नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### चनाभर्री में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन का लिया जायजा

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसमी के आश्रित ग्राम चनाभर्री का दौरा कर पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया।

दौरे के दौरान कलेक्टर ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामवासियों से चर्चा कर उन्हें मिल रही शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने वन विभाग और संबंधित विभागों को बिजली लाइन विस्तार तथा बोर खनन की अनुमति के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश दिए। चनाभर्री में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के 10 परिवारों को पीएम जनमन योजना के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश, सीएमएचओ



डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, डीएमसी ईमल बघेल, तहसीलदार फणेश्वर सोम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्राम की सरपंच तथा वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अस्पताल में दें नियमित उपस्थिति** – कलेक्टर ने बड़ेराजपुर विकासखंड के स्वास्थ्य केन्द्र कोसमी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एचआरपी हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की संख्या की जानकारी लेते हुए समुचित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को केंद्र में पुरुष स्वास्थ्य कर्मी की पदस्थापना करने तथा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से समृद्ध हो रहे क्षेत्र के किसान

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभान्वित किसानों से संवाद कर उनके तालाबों और हैचरी का अवलोकन किया। मछली पालन की गतिविधियों की जानकारी ली। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भी उपस्थित रहे। योजना के अंतर्गत ग्राम चुरेगांव कैंप की निवासी श्रीमती सरस्वती बाला को नवीन फिन फिश हैचरी की स्थापना के लिए अनुदान प्राप्त हुआ है। मछली बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। ग्राम सातगांव के गंगाधर नेताम को पोंड लाइनर तकनीक की स्थापना के लिए कुल 14 लाख रुपये की लागत में 8 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। इस तकनीक के माध्यम से वे कम स्थान में मछली उत्पादन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। वहीं ग्राम पल्ली के पकलू मरकाम ने अपनी भूमि में तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया है। वे मछली पालन के साथ–साथ मुर्गी पालन, सूकर पालन, कृषि और सब्जी–फल की खेती भी कर रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका सुदृढ़ हुई है।



## देवी-देवताओं के साथ ग्रामीणों ने की मड़ई मेले की परिक्रमा

**फरसगांव।** आस्था एवं परम्परा के अनूठे संगम के साथ नगर में चार दिवसीय वार्षिक मेला सोमवार से शुरू हुआ। मेले में नगर के साथ आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों एवं उनके देवी-देवताओं के भारी हुजूम में आस्था और संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिले। इस मौके पर उमड़ी भारी भीड़ ने भीगे चावलों एवं पुष्प-पंखुड़ियों की वर्षा के साथ देवी-देवताओं की अगुवानी की गई। मेले में आस पड़ोस के देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाजो के साथ हुआ महासंगम एवं पूरे विधि-विधान के साथ देव परिक्रमा सम्पन्न हुई। आसपास क्षेत्र से पहुंचे देवी देवताओं का सम्मान फूलों से स्वागत किया गया।

■ पारंपरिक वार्षिक मेला मड़ई का हुआ शुभारंभ

**सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तैनात** - वही मेले में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए फरसगांव थाना प्रभारी चन्द्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में पुलिस टीम जुटी है। सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए मेले से लगे सभी चौक-चौराहों पर जवान तैनात किए गए हैं, ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो जाये। मेला शांतिपूर्ण रूप से निपट जाए । साथ ही समय समय पर पुलिस टीम द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है, जिसके माध्यम से शरारती तत्वों और संदिग्धों पर पैनी नजर रखी हुई है।

#### जनप्रतिनिधि, अफसर व ग्रामीण हुए शामिल

इस दौरान फरसगांव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम, तहसीलदार जय कुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम , नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मुलचंद पांडे, पार्षद संगीता प्रवीण राव, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर, जनक नेताम, मन्नु राम हिडको , पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा , फरसगांव भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र निषाद, मोहित सिंग, रामकुमार कोर्राम, समेत क्षेत्र के ग्रामीण अपने देवी देवताओं के साथ शामिल हुए ।

## पीएमश्री शाला हरवेल में शैक्षणिक गतिविधियों की ली जानकारी



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को पीएमश्री योजना के तहत संचालित पीएमश्री शाला हरवेल का निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बच्चों और शिक्षकों से संवाद कर पढ़ाई–लिखाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक शिक्षक को सालेभाट शाला में अध्यापन कार्य के लिए व्यवस्था करने के लिए डीएमसी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही कक्षा पहली में दर्ज 13 विद्यार्थियों के लिए तत्काल बेंच की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने विद्यालय के किचन गार्डन में ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाने तथा एफएलएन सामग्री को व्यवस्थित स्थान पर रखने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई और पोषण से जुड़ी गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित हो सकें। उन्होंने पंचायत द्वारा निर्मित अतिरिक्त कक्ष को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था, पेंटिंग कार्य और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पांच दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### फरिदा बेगम के परिवार का सहारा बनी महतारी वंदन योजना

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही महतारी वंदन योजना कई परिवारों के लिए सहारा बन रही है।



कोंडागांव के नहरपारा निवासी फरिदा बेगम भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने परिवार का भरण–पोषण कर रही हैं। फैंसी स्टोर चलाकर परिवार का पालन–पोषण कर रहीं हैं।

फरिदा बेगम ने बताया कि कुछ समय पहले उनके पति सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिसके बाद वे दिव्यांग होकर और काम करने में असमर्थ हो गए। पहले से कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण परिवार के सामने जीवनयापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी। कठिन परिस्थितियों के बावजूद फरिदा बेगम ने हिम्मत नहीं हारी और अपने घर में एक छोटा फैंसी स्टोर शुरू किया। दुकान से होने वाली थोड़ी–बहुत आय से वे परिवार का खर्च चलाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मिलने वाली एक हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि उनके लिए बड़ी राहत है। वे इस राशि को दो–तीन महीने तक जमा कर दुकान के लिए सामान खरीदती हैं, जिससे उनका छोटा व्यवसाय चलता रहता है।

## ग्रामीणों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत कोंडागांव में शुक्रवार को रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच विकसित भारत जी राम राम योजना का प्रचार–प्रसार किया गया। साथ ही उन्हें आजीविका डबरी योजना के महत्व और इसके माध्यम से आय बढ़ाने के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित लाभार्थियों को आवास निर्माण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। हितग्राहियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने आवास निर्माण कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूरा करें, ताकि योजना का लाभ समय पर मिल सके।

■ जनपद पंचायत मना में रोजगार दिवस, आवास दिवस और चावल दिवस

#### खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर भी हुई चर्चा

कार्यक्रम में खाद्यान्न वितरण व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महिला खेलकूद प्रतियोगिता में 350 खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल

# खेल मैदान में दिखा मातृशक्ति का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला बस्तर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना रहा।

प्रतियोगिता के अंतर्गत धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, रस्साकशी और खो-खो की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। वहीं इंदिरा स्टेडियम में फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 350 महिला और बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।



पूरे दिन मैदानों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहा।

प्रतियोगिता के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक डॉ रेणुका श्रीवास्तव ने इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर महापौर संजय पांडे उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं,बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी सशक्त माध्यम है। महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है और इससे नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है।

#### विजेता किए गए पुरस्कृत

कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों, व्यायाम शिक्षकों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में खेल अधिकारी सुशांत पॉल ने सभी प्रतिभागियों,अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पेज 9 के शेष

### पेयजल पाइपलाइन...

कराया जाए,ताकि वार्डवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वार्डवासियों के साथ कांग्रेस पार्षद दल आंदोलन करने को बाध्य होगा। पार्षद सुर्या ने कहा कि जनता की बुनियादी समस्याओं का समय पर समाधान करना नगर निगम की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर शुभम यदु,जाहिद हुसैन, आभाष महंती सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

### शराब के लिए...

आनंद नाग, रितेश विश्वकर्मा तथा अब्बू उर्फ छबीलाल तीनो निवासी मेटगुडा जवाहर नगर वार्ड तथा विक्रम नाग निवासी दंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर को घेराबंदी कर पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार बरामद कर जब्त किया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### कलचा हत्याकांड...

पुलिस की जांच में पता लगा कि ग्राम साड़गुड़ निवासी उमेश बघेल 22 वर्ष तथा रोहित बघेल 21 वर्ष की हत्या गलतफहमी के चलते की गई। दरअसल दोनों युवक अपने साथियों को रंग लगाने जा रहे थे जो युवतियों के पास खड़े थे। इसी संदेह के चलते आरोपी रमेश, देवराज कश्यप, खगेश्वर नाग व एक नाबालिग युवक सभी निवासी ग्राम कलचा को गलतफहमी हो गई कि वे लोग उनकी पहचान की युवतियों को गुलाल लगाने जा रहे है। इसी गलतफहमी के चलते उनकी हत्या कर दी गई। हत्याकांड में शामिल एक नाबालिग समेत चार आरोपी को पुलिस ने पकड़कर कर न्यायालय में पेश किया। जहां से तीनों आरोपियों को रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

**शव परिजनों को सौंपे गए: टीआई**

टीआई संतोष सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच व मौके पर मौजूद मृतकों के परिजनों व साथियों से पूछताछ के बाद इस बात का खुलासा हुआ कि युवकों की जान गलतफहमी के चलते ले ली गई। पीएम के बाद दोनों मृतकों के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। साड़गुड़ में गमगीन माहौल में दोनों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

**नहीं किया किसी ने बीच बचाव :** देर रात जिस समय युवकों की हत्या की गई उस समय मेले में सैकड़ों की संख्या में मेला देखने लोग मौजूद थे। इस बीच हुए विवाद और दो युवकों की धारदार हथियार से हत्या करने कई वार किया गया लेकिन किसी ने भी उनकी जान बचाने का प्रयास नहीं किया। कुछ ही देर में दोनों युवकों की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए हुई कार्यशाला



**बस्तर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर के तत्वाधान में अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी भर सकें, इस हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर बस्तर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में रायपुर से आये हुए कर्नल, रिटायर्ड कर्नल साहिबान और जिले शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल उपस्थित थे। कार्यशाला में सातो ब्लॉक से आये बीईओ, एबीईओ, बीआरसी और सातो ब्लॉक में संचालित हाईस्कूल व हायर सेकंडरी के सभी प्राचार्य व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित थे। कार्यशाला में सभी से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा आवेदन भरवाए जाएं और युवाओं को अग्निवीर भारतीय थल सेना में करियर के अवसर के बारे में जानकारी दी गई।

### वीबी जी राम जी के प्रावधानों से परिचित हुए श्रमिक

**बीजापुर।** शासन के निर्देशों के परिपालन में जिले की ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास की लंबित किश्तें और महात्मा गांधी नरेगा की मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दी गई। युक्तधारा पोर्टल के तहत संतृप्तता आधारित शत प्रतिशत जीपीएस की आदर्श प्लानिंग, विकसित भारत जी राम जी के क्रियान्वयन के संबंध में एवं प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

## निधन

### अलका खेडूलकर

**जगदलपुर।** अधिवक्ता संदेश खेडूलकर एवं डॉ. रुपेश खेडूलकर



की माता अलका खेडूलकर का 7 मार्च की सुबह रायपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। अंतिम यात्रा में समाज के लोग और शहरवासी शामिल थे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### शोक समाचार

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिपिक डीके झाली की माता का आज निधन हो गया। गृह ग्राम बजावंड में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शिक्षा विभाग सहित शहर और गांव के लोग शामिल थे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# यूपीएससी में सफलता पर अंकित सकनी का शानदार स्वागत

- जिला मुख्यालय में सम्मान समारोह, अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के होनहार युवा अंकित सकनी के संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल करने पर जिला मुख्यालय में परधान समाज ने उनका स्वागत किया।

इस उपलब्धि से समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और इसे पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण बताया। अंकित के सम्मान में समाज के लोगों ने नगर में रैली निकाली। रैली के दौरान सभी लोग बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंचे, जहां माल्यार्पण कर उनके विचारों और आदर्शों को याद किया गया। इसके बाद परधान समाज भवन में सम्मान



परधान समाज ने निकाली रैली



समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने अंकित को फूलमाला और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

वक्ताओं ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अंकित ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है, जो पूरे समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। समारोह में उपस्थित लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते कहा कि उनकी उपलब्धि से परधान समाज का नाम रोशन हुआ है। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य, महिला समूह, युवा और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर मानवता की मिसाल

# रेडक्रॉस के रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर आज बीजापुर जिले में मानवता और सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। कलेक्टर सह अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देशानुसार तथा डॉ. बीआर पुजारी, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य

- अधिकारियों ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान

अधिकारी सीएमएचओ एवं सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस के बैनर तले सीआरपीएफ 170 बटालियन बीजापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### जवानों ने लिया हिस्सा

इस रक्तदान शिविर में सीआरपीएफ के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान कुल 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रक्तदान करने वाले जवानों और युवाओं में सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की झलक साफ दिखाई दी।





**समाज के लिए प्रेरणादायी पहल**

बीजापुर में आयोजित यह रक्तदान शिविर न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक सोच को भी मजबूत करेगा।

**रेडक्रॉस के प्रयासों की सराहना**

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं।

### मानव सेवा का संदेश

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर आयोजित यह शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश देने वाला है।

# म्यूजिकल चेयर, फॉग जंप और लेमन स्पून रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 241 बस्तरिया बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में बहुत हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर मुख्यालय 241

- बस्तरिया बटालियन ने महिला दिवस पर आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

वाहिनी रोडवा परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी की महिला कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने वॉलीबॉल, म्यूजिकल चेयर, फॉग जंप और लेमन स्पून रेस आदि खेलों में बढ़-चढ़ भाग लिया । इस अवसर पर हरविन्दर सिंह कमांडेंट 241 बस्तरिया बटालियन ने अपने भाषण में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को सक्षम एवं सशक्त बनाने, आगे बढ़ने, पढाई करने तथा समाज में बराबरी की हिस्सेदारी बनाने के लिए चल रहे योजनाओं के बारे में संदेश दिया। इस अवसर पर संजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं निरजंन कुमार निराला उप कमांडेंट उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों, महिला कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

# महिला दिवस पर गोटूल होम लाइब्रेरी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा क्षेत्र के शाउमा विद्यालय छिंदबहार में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी व्याख्याता राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से

- छात्राओं को सचेत रहते हुए जीवन में पढ़ाई को महत्व देना चाहिए

जागरूक और आत्मनिर्भर महिलाओं को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया। डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समानता और अपने अधिकारों के जीत के लिए मनाया जाता है। आज के परिवेश में महिलाओं और युवतियों को





समानता का अधिकार प्राप्त है और इस अधिकारों का सदुपयोग करते हुए बड़ा से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि आज बदलते माहौल से छात्राओं सचेत रहते हुए अपने जीवन में पढ़ाई को स्थान देना चाहिए।

बतौर अतिथि उपस्थित राधामनी समरथ ने कहा कि हम महिलाओं को ये दिवस मिला है जिससे हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। व्याख्याता प्रमोद कुमार मरावी ने इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्र- छात्राओं के लिए गोटूल होम लाइब्रेरी का नींव रखा जिसका उद्घाटन अतिथियों और शाला परिवार के द्वारा किया गया। इस लाइब्रेरी का लाभ बच्चे अपने घर पर ले सकेंगे जिसमें नर्सिंग, पीएटी, डीएड आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। उनके द्वारा अपने गृह ग्राम पिपरानार में भी डॉ. आरएन टेकाम, पी. राज के मार्गदर्शन में 20000 की लागत से गोटूल लाइब्रेरी की स्थापना किया गया है।

जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सभी समस्याओं का समाधान है। सफलता की कुंजी है। इसलिए निरंतर अच्छी शिक्षा हासिल करना चाहिए। मनोहर सिंह बरनाला ने प्रकृति से सीखने और पुस्तक से ज्ञान लेकर प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने हेतु निरंतर अध्ययन करने को कहा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी मरावी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा मौर्य, नोहर सिंह सलाम सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

### समूह से जुड़कर बनीं लखपति दीदी



**बीजापुर।** बीजापुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर नियद नेल्लानार क्षेत्र के ग्राम पालनार में रहने वाली बधरी ताती अपने परिवार के साथ निवास करती हैं। मोहल्ले की 10 महिलाओं ने मिलकर पूजा स्व सहायता समूह बनाया, जिसमें बधरी ताती भी सदस्य बनीं। समूह से जुड़ने के बाद बधरी दीदी को चक्रिय निधि के रूप में 1500 रुपये तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से 3000 रुपये का मुद्रा ऋण मिला। और 5 हजार रूपये मुद्रा लोन इस राशि से उन्होंने अपने घर में एक छोटा किराना स्टोर शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपने काम का विस्तार किया और आज वे कई आय स्रोतों से अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं।

# भाजपा में शामिल युकां कांग्रेसी को बना दिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

बस्तर जिले में युवा कांग्रेस के तोकापाल ब्लॉक अध्यक्ष की हाल ही में हुई नियुक्ति को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामबती चंद्रकांत भंडारी ने कांग्रेस संगठन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अब कांग्रेस के पास जमीनी स्तर पर काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ता नहीं बचे हैं, यही वजह है कि भाजपा की सदस्यता ले चुके व्यक्ति को ही कांग्रेस ने तोकापाल ब्लॉक युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन में लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं, जिससे पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में लंबे समय से काम कर रहे कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर ऐसे लोगों को पद दिए जा रहे हैं, जिनका पहले कांग्रेस से कोई लेना-देना नहीं रहा या जो दूसरे दलों से जुड़े रहे हैं। कांग्रेस के इस फैसले से संगठन के भीतर ही असंतोष की स्थिति बन रही है। कई कार्यकर्ता ऐसे हैं जो वर्षों से पार्टी के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को जिम्मेदारी सौंपना कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस की यही स्थिति दर्शाती है कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा कमजोर हो चुका है और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की कमी साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि ऐसे फैसलों पर पुनर्विचार किया जाए और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाए।

हालांकि इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन तोकापाल सहित पूरे बस्तर जिले के राजनीतिक गलियारों में इस नियुक्ति को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले समय में यह मुद्दा और भी तूल पकड़ सकता है, क्योंकि संगठन के भीतर भी कई कार्यकर्ता इस फैसले को लेकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं।

# महिला अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना बचेली में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू एवं थाना स्टाफ द्वारा थाना में पदस्थ महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों का बुके व उपहार भेंट करने के साथ साथ जलपान की व्यवस्था तथा केक काट कर सम्मान किया और उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस विभाग में भी महिला अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने महिला अधिकारी और कर्मचारियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान थाना स्टाफ द्वारा महिलाओं के सम्मान में उनके योगदान को सराहा गया और उत्साहपूर्वक महिला दिवस मनाया गया।

### मुख्यमंत्री के न्योता भोज में शामिल हुई सुनीता



**बीजापुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश के लखपति दीदियों से संवाद कर उनकी सफलता की कहानी भी सुनी। बीजापुर के नियद नेल्लानार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेरपाल की सुनीता पसपुल मुख्यमंत्री के साथ रात्रि भोज में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सफलता की कहानी और स्वावलंबन की यात्रा साझा की। जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने जिले की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिलाओं को आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने प्रयास किए जा रहे हैं।

# पतंजलि योग समिति ने मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

महिला पतंजलि योग समिति द्वारा योग भवन कारली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता का महिलाओं द्वारा पुष्प वंदन कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक सहभागिता का प्रेरक संदेश दिया।

### योग, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का संदेश

कार्यक्रम में उर्मिला साहू जिला प्रभारी दंतेवाड़ा एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ महिला पतंजलि योग समिति, मान कोरम राज्य कार्यकारिणी सदस्य, छत्तीसगढ़ महिला पतंजलि योग समिति, संगठन मंत्री पुष्पा पिस्दा, महामंत्री लक्ष्मी साहू, हेमलता नाग सहित अन्य पदाधिकारियों ने नारी सशक्तिकरण, स्वावलंबन, शिक्षा, योग, आयुर्वेद, स्वदेशी और भारतीय चिकित्सा पद्धति के महत्व पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनती हैं तो पूरा समाज मजबूत और समृद्ध बनता है।





**बड़ी संख्या में महिलाओं की रही सहभागिता**

इस अवसर पर तहसील प्रभारी बचेली दीपक साहू, तहसील गीदम से पार्वती परिहार, संवाद प्रभारी सोनिया साहू, श्वेता अग्रवाल, सुनीता सुराना, भारती साहू, रानी भारती साहू, रानी गिरजा वर्मा, पूजा, पुष्पा, बुधरी कश्यप, डोमिन अरूसा, राधा यादव, रीता साहू, जीता साहू, किरण साहू, लता, इंदिरा, देवकी, प्रतिमा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/क/तह./ जन्म-मृत्यु/2025
भानपुरी, दिनांक 09/03/2026

//उद्घोषणा//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलन बघेल पिता अमल बघेल जाति भतरा निवास ग्राम सिवनी तहसील भानपुरी के द्वारा अपने पिता अमल बघेल पिता लक्ष्मीनाथ की जन्म/मृत्यु दिनांक 10/12/2024 को होना बताते हुए जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से नियत तिथि 24/03/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीक मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
भानपुरी

# महिला जागृति शिविर में जागरूकता, सम्मान और प्रेरणा का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

मांझीगुड़ा ग्रापं में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरा माहौल उत्साह और जागरूकता से भर गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अनीता ककेम, सरपंच ईटपाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता



रुक्मणी तेलम, सरपंच धनोरा ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में ललिता कुड़ियम, सरपंच पापनपाल तथा मुन्नी, सरपंच तोयनार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। शिविर के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों को समझने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

ISO 9001:2015 Certified Clinic
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कुपोषण मुक्ति के लिए सकारात्मक प्रयास जरूरी



**जगदलपुर।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं सहित विभागीय गतिविधियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा करते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया और कुपोषण मुक्ति के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिन्हित कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय पर जोर देते हुए रोस्टर के अनुरूप संबंधित बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभाग की अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा में सभी पात्र हितग्राहियों की पोर्टल पर शत-प्रतिशत एंट्री किए जाने कहा। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख कार्यक्रमों पूरक पोषण आहार, गर्म भोजन वितरण और टेक होम राशन जैसी बुनियादी पोषण योजनाओं से लेकर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, नोनी सुरक्षा योजना और सुकन्या समृद्धि योजना इत्यादि की प्रगति का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने जिले की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए महिला कोष और सक्षम योजना के अंतर्गत ऋण वितरण के लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए। जिले के सभी परियोजना अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर ने हिदायत दी कि शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सक्षम योजना ने बदली तकदीर

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम परपा की रूपा कश्यप की कहानी यह साबित करती है कि एक सही मार्गदर्शन और सरकारी योजना का साथ किसी का जीवन कैसे बदल सकता है। इस सफलता की पटकथा लिखने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री कथावती सेठिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय रही है, जिन्होंने एक संकटग्रस्त परिवार के लिए आशा की किरण जगाई। लगभग पांच वर्ष पूर्व, एक सड़क दुर्घटना में पति राजेश कश्यप की असामयिक मृत्यु के बाद 42 वर्षीय रूपा कश्यप का जीवन पूरी तरह बिखर गया था। दो छोटे बच्चों और वृद्ध सास की जिम्मेदारी के बीच आय का कोई स्रोत न होने के कारण रूपा को मजदूरी का सहारा लेना पड़ा, जिससे परिवार का गुजारा करना अत्यंत कठिन था। मजदूरी की व्यस्तता के कारण बच्चों की पढ़ाई में भी बाधा आ रही थी। रूपा के जीवन में यह कठिन दौर तब समाप्त हुआ जब उन्होंने अपनी पीड़ा स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री कथावती सेठिया के साथ साझा की। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने न केवल रूपा को मानसिक संबल दिया, बल्कि उन्हें सक्षम योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सक्रिय सहयोग से ही रूपा ने योजना का आवेदन भरा और उन्हें सक्षम योजना से रियायती ब्याज दर पर एक लाख रुपये की ऋण राशि प्राप्त हुई।

# वर्दी का अपना क्रेज और सम्मान है, शारीरिक विकास के साथ देश सेवा का अवसर : छिकारा

## अग्निवीर भर्ती अभियान के लिए कलेक्टर ने दिए करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा ने अग्निवीर भर्ती अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से कहा कि वर्दी का अपना अलग ही क्रेज और सम्मान होता है। युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनते हुए देश सेवा का यह सुनहरा अवसर अवश्य लें।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पूछा कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं और उनके लिए शिक्षा का महत्व क्या है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल नौकरी पाने के लिए नहीं बल्कि समाज और देश के विकास में योगदान देने के लिए होती है। आज का आधुनिक और शिक्षित युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अग्निवीर योजना युवाओं को प्रतिष्ठा, सम्मान और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर प्रदान करती है। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि चयन प्रक्रिया में सफलता के लिए युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी होगी। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन और लिखित-फिजिकल प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी बड़ी परीक्षा के लिए अन्य शहरों में परीक्षा केंद्र बनते हैं और जिले से 50 से अधिक परीक्षार्थी जाते हैं, तो प्रशासन द्वारा उनके आवागमन और आवास की व्यवस्था भी की जाएगी।



### अधिक से अधिक पंजीयन करने किया प्रेरित

कार्यक्रम में सेना भर्ती कार्यालय से कर्नल अरुण कालिया ने अग्निवीर थल सेना भर्ती की प्रक्रिया, पात्रता, शारीरिक और लिखित परीक्षा की जानकारी देते हुए युवाओं को अधिक से अधिक पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए परीक्षा केंद्र जगदलपुर में ही रहेगा, जिससे जिले के युवाओं को विशेष सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विंग कमांडर जेपी पात्रो, सूबेदार बीपी द्विवेदी, सूबेदार अरविंद कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जीआर सोरी, उप संचालक जय प्रकाश कौशिक, रोजगार अधिकारी श्वेता वर्मा सहित अन्य अधिकारी और पोस्ट मैट्रिक हॉस्टल, कालेज के छात्र उपस्थित थे।

## 241 बस्तारिया बटालियन में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# खेलों और सशक्तिकरण के संदेश से गूंजा सेड़वा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यालय 241 वाहिनी सेड़वा

- प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन



परिसर में आयोजित इस समारोह में न केवल महिला कार्मिकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई, बल्कि उनके परिवारजनों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रतियोगिताओं के साथ हुई, जिसमें मैदान पर महिलाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वॉलीबॉल के रोमांचक मुकाबलों से लेकर म्यूजिकल चेयर, फ्रॉग जंप और लेमन स्पून रेस जैसे पारंपरिक खेलों में महिला कार्मिकों और उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमाण्डेंट हरविन्दर सिंह ने महिलाओं की समाज और सुरक्षा बलों में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि महिलाओं को सक्षम और सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें पढ़ाई और समाज में बराबरी की हिस्सेदारी दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आगे बढ़ने और समाज की मुख्यधारा में अपनी पहचान मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार एवं उप कमाण्डेंट निरंजन कुमार निराला उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला कार्मिकों और प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर महिला कार्मिकों के चेहरे खिल उठे और यह पूरा आयोजन सुरक्षा बलों के बीच एकता और महिला शक्ति के सम्मान का एक जीवंत उदाहरण बन गया।

## महिला सुरक्षित है तो घर परिवार, समाज व देश सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय मजदूर संघ के राज्य कर्मचारी संघ, बिजली कर्मचारी संघ, भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ, नगरनार इस्पात मजदूर संघ तथा स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ ने संयुक्त रूप से 8 मार्च को उ.मा.वि. भगत सिंह में अन्तरराष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मन्त्री विकास सिंह, मुख्य अतिथि प्राचार्य विनीता बेंजामिन, विशिष्ट अतिथि प्रधान अध्यापक द्वय यास्मीन खान और लीना देवांगन थे। जिला मंत्री तोरण हिरवानी, चन्द्रप्रकाश देवांगन, अभीराम पटेल, कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष रमऊ लाल सार्वा और यू धर्मेन्द्र पटनायक की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि मातृ शक्तियां देश के विभिन्न पदों में सुशोभित हैं। हमारे लिए गौरव की बात है कि महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं। महिलाएं अपने कर्तव्यों के साथ साथ अपने अधिकारों को भी पहचानेंगी तो समाज खुशहाल हो जाएगा। विकास सिंह ने कहा कि जग को जीवन देने वाली मौत भी तुमसे हारी है, कोमल है तू कमजोर नहीं, शक्ति का ही नाम नारी है। आगे कहा कि महिला सुरक्षा प्रथम की भावना सभी के मन में जागृत होनी चाहिए क्योंकि महिला सुरक्षित है तो घर-परिवार-समाज व देश भी सुरक्षित है। चन्द्र प्रकाश देवांगन एवं यू धर्मेन्द्र पटनायक ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान आवश्यक है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में चंद्रकला भद्रे, सीमा मरकाम, रूपलता पांडे, इंदिरा मथरानी, नलिन शुक्ला, उमेश प्रताप सिंह, विशाल देवांगन, आशा पटनायक, सतपाल शर्मा, किरण चौहान, अनिल शुक्ला,किरण महापात्र, अंजू रावते,भारती नामदेव, रोशनी शिंदे, पूजा गुप्ता, योजना देवांगन, सुमन विश्वकर्मा, अनामिका शर्मा एवं स्व सहायता समूह से सुनीता मिश्रा, रीता साहू, प्रतिभा बिसवाल, रेणुका पांडे वार्ड वासियों मे रीना, सुनीता, मंथरा पाल, पदमायादव, सावित्री कश्यप, शिव कुमारी सम्मिलित हुए।

# उपचार के साथ सम्मान, मरीजों को मिला उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ कांटीनेंटल सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल में सोमवार को उपचार के लिए पहुंची महिलाओं को ससम्मान उपहार प्रदान किए गए। अस्पताल प्रबंधन की इस पहल ने महिला मरीजों के

- कांटीनेंटल सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल की अनूठी पहल



लिए दिन को विशेष और यादगार बना दिया।

अस्पताल परिसर में इस अवसर पर विशेष सजावट की गई थी। हॉस्पिटल की लॉबी को गुलाबी रंग के गुब्बारों से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय दिखाई दे रहा था। वहीं अस्पताल की महिला स्टाफ ने भी रंग-बिरंगे परिधान पहनकर इस दिन को उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ ने महिला मरीजों का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत से लेकर विदाई तक पूरी प्रक्रिया को सम्मानजनक और सहज बनाने का प्रयास किया गया। मरीजों को रजिस्ट्रेशन काउंटर तक पहुंचाने से लेकर उपचार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें उपहार देकर स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इसके साथ ही अस्पताल में कार्यरत महिला स्टाफ ने विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई और गीत-संगीत की प्रस्तुति भी दी गई,जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन ने महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया।



# कोबरा सीआरपीएफ परिवार ने मनाया महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोबरा कामलेक्स करनपुर स्थित 201 एवं 204 कोबरा वाहिनी में अधिकारियों एवं जवानों के परिवार

- जागरुकता पदयात्रा एवं प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

की महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। 7 एवं 8 मार्च दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरुकता पदयात्रा एवं कई अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ सुकृति ने दातों को स्वस्थ रखने और शिखा भट्ट द्वारा महिलाओं के अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि रजनी चौधरी, शोभा मल्ल, दीपिका सिंह और सोमाली कासवा ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अपने संबोधन में बताया कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और कोबरा परिवार की महिलाओं के लिए पूरे वर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजन की विभिन्न समितियों की अध्यक्षाओं को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में गुडिया पाण्डे, राज्यश्री, सानु प्रिया कुमारी एवं कुमारी अमिता ने विशेष योगदान दिया।

# आज की नारी नया इतिहास लिख रही है : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिंदी साहित्य भारती ने परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें रचनाकारों ने भाग लिया। अध्यक्षता हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने की। उन्होंने महिला सशक्तीकरण, समस्या और संभावनाएं पर विचार रखते हुए कहा जब हम नारी सशक्तिकरण की बातें करते हैं तब हमें अपना इतिहास खंगालना चाहिए। आज का युग नारी पुनर्जागरण का है। आज की नारी नया इतिहास लिख रही है। कविता बिजोलिया ने कहा स्त्री को इंसान नहीं स्त्री माना जा रहा है। जो कि विचारणीय है। पूर्णिमा देहारी ने कहा स्त्रियां प्रश्न नहीं करती इसीलिए शोषित है। उन्हें एकजुट होने की आवश्यकता है। एमन दास ने कहा 21 वीं सदी महिलाओं के लिए है। यह तिरस्कार और बहिष्कार का नहीं, उत्सव का समय है। परिचर्चा के पश्चात उपस्थित रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। कवयित्री नवनीत कमल ने शारदे वंदना का गायन किया। डॉ पूर्णिमा सरोज ने सफलताओं के लिए संघर्ष जरूरी है कहते हुए अपनी बात कही। रामचंद्र श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, शुची भवी, राकेश गुप्ता, हेमंत मानिकपुरी, सतरूपा मिश्र, मनोज पाणिग्रही, नीता पांडे, भोजराज साहू, रानू शील नाग, रमा कश्यप नेहा पाठक, ऋषभ देवांगन बस्तर ने रचनाओं का पाठ किया।

# भाजपा अजजा मोर्चा ने फूंका ममता बेनर्जी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी

- राष्ट्रपति के अपमान का जताया विरोध

का पुतला फूंका और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमा का ध्यान न रखने व उन्हें अपमानित करने की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते विरोध किया।



मोर्चा अध्यक्ष संतोष बघेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने सारी हदें पार कर दी है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है और इस पद की गरिमा हमेशा बनी रहनी चाहिये। लेकिन ममता बेनर्जी की सरकार ने राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान अपमानित करने का कुत्सित प्रयास किया। जिससे देश सहित आदिवासी समाज दुखी है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, परीस बेसरा, सफीरा साहू, प्रकाश झा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, महेन्द्र सेठिया, संजय चंद्राकर, राधेश्याम पन्द्रे, सुरेश कश्यप, गणेश नागवंशी, बृजेश कपूर, अनिमेष चौहान, राज पाण्डेय, गागरा राम, धरमू मण्डावी, चमेली झिराम, महादेव नाग, संतोष गौर, राजू पोयाम, रामसिंह नाग सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं तक आयोग की पहुंच बढ़ाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद : शोरी



**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए महा जन-सुनवाई अभियान आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान 9 मार्च से 13 मार्च तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है।

बस्तर संभाग के मामलों की सुनवाई 13 मार्च को जगदलपुर में होगी, जहां आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के साथ बस्तर संभाग प्रभारी अधिवक्ता दीपिका शोरी और सदस्य सरला कोसरिया व ओजस्वी मंडावी महिलाओं के मामलों की सुनवाई करेंगी।

इस सुनवाई में बस्तर संभाग के सात जिलों से प्राप्त महिला उत्पीड़न और अन्य शिकायतों पर विस्तृत सुनवाई की जाएगी। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली यह प्रक्रिया देर रात तक चल सकती है, ताकि अधिक से अधिक पीड़ति महिलाओं को राहत मिल सके।

दीपिका शोरी ने जारी बयान में कहा कि महिलाओं तक आयोग की पहुंच बढ़ाने के लिए लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद स्थापित किया है। सखी सेंटर, महिला सेल, नारी निकेतन और जेलों में बंद महिला कैदियों तक पहुंचकर उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को समझा और उन्हें न्याय की प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया। उनके इस प्रयास से अब बस्तर की महिलाएं खुलकर अपनी बात रखने के लिए आगे आ रही हैं।

# सुगम संगीत और गजलों की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के लागू वाटिका में बीती रात आयोजित शाम-ए-गजल कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों ने सुरों और गजलों की महफिल का आनंद लिया। स्वरागिनी समूह द्वारा

- स्थानीय कलाकारों की आवाज ने बांधा समां



आयोजित इस कार्यक्रम में सुगम संगीत और ग़ज़लों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध बनाए रखा।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज़ और शानदार प्रस्तुति से माहौल को संगीतमय बना दिया। ग़ज़लों और गीतों की श्रृंखला में प्रस्तुत रचनाओं ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। संगीत प्रेमियों ने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

स्वरागिनी समूह की ओर से बताया गया कि यह आयोजन समूह के पांचवें वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया,जिसमें शहर के कलाकारों को मंच प्रदान कर संगीत की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने देर तक बैठकर ग़ज़लों और सुगम संगीत का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में ज्योति लागू, आभा सामदेकर,देवशरण तिवारी, मनीष मिश्रा, राजकुमार डोंगरे, गिरीश चिंचोलकर, बलराम साबड़े और अक्षत तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। तबले पर संगत डब्बू महाराज और देवेश्वर साहा ने की,वहीं हारमोनियम पर राजकुमार डोंगरे, गिटार पर रोहित मौर्य तथा की बोर्ड व बेस गिटार पर अमित जंघेला ने संगीत संगत दी। कार्यक्रम का संचालन अभय सामदेकर और ऋतु त्रिवेदी ने किया।

